प्रादेशिक समाचार

दिनांक–04.06.2024 (संध्या 1900 बजे)

मुख्य समाचार

- लोकसभा सीटों के लिए मतगणना जारी, एनडीए को दो सौ इक्यानवे सीटों पर निर्णायक बढ़त, इंडी गठबंधन को 231 सीटें।
- झारखंड की 14 में से आठ पर भाजपा का कब्जा, एक आजसू पार्टी की झोली में, तीन पर झामुमो और दो पर कांग्रेस को निर्णायक बढ़त।
- कोडरमा से केन्द्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी फिर जीतीं, खूंटी में अर्जुन मुंडा को मिली शिकस्त, राजमहल में विजय हांसदा ने बचायी सीट, सिहंभूम पर जोबा मांझी का कब्जा।

- गांडेय उपचुनाव में झामुमो की कल्पना सोरेन ने भाजपा के दिलीप कुमार वर्मा को 26 हजार से अधिक मतों से किया पराजित।

****

18वीं लोकसभा के चुनाव के लिए वोटों की गिनती जारी है। ताजा रुझान के अनुसार एनडीए 97 सीटें जीत चुका है, जबकि 194 सीटों पर बढ़त बनाये हुए है। इसके विपरीत इंडी गठबंधन ने अब तक 48 सीटों पर जीत दर्ज की है और 183 सीटों पर आगे है। प्रमुख उम्मीदवारों में प्रधानमंत्री और वाराणसी से भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवार नरेन्द्र मोदी ने कांग्रेस के अजय राय को डेढ़ लाख से ज्यादा वोटों से हराया। गांधीनगर से केन्द्रीय मंत्री अमित शाह ने सात लाख चौवालीस हजार से अधिक मतों से जीत हासिल की। वहीं केन्द्रीय मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर और फिल्म अभिनेत्री कंगना रनौत ने भी अपने–अपने लोकसभा सीट से जीत दर्ज की। इनके अलावा मध्य प्रदेश में विदिशा से भाजपा नेता शिवराज सिंह चौहान ने आठ लाख से ज्यादा वोटों से जीत दर्ज की।

****

झारखंड की 14 संसदीय सीटों पर मतों की गिनती जारी है। इनमें से कई सीटों पर जीत–हार का फैसला हो गया है, लेकिन इसकी आधिकारिक घोषणा नहीं हुई है। कोडरमा संसदीय सीट से भाजपा की अन्नपूर्णा देवी चुनाव जीत गयी हैं। उन्होंने अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी भाकपा माले के विनोद कुमार सिंह को पराजित किया। अन्नपूर्णा देवी ने जीत पर संसदीय क्षेत्र के लोगों को धन्यवाद दिया।

उधर हजारीबाग लोकसभा सीट से भाजपा के मनीष जायसवाल ने अपने निकटतम प्रतिद्वन्दी कांग्रेस के जेपी पटेल को पराजित किया। अपनी जीत पर श्री जायसवाल ने जनता का आभार प्रकट किया।

इधर रांची संसदीय क्षेत्र से भाजपा के संजय सेठ ने अपने निकटतम प्रतिद्वन्दी कांग्रेस की यशस्विनी सहाय को पराजित किया। श्री सेठ ने अपनी जीत को रांची की जनता की जीत बतायी।

गिरिडीह सीट से आजसू पार्टी के चन्द्रप्रकाश चौधरी और पलामू सीट से भाजपा के वीडी राम भी चुनाव जीत गये हैं।

खूंटी लोकसभा सीट से कांग्रेस प्रत्याशी कालीचरण मुंडा ने केन्द्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा के खिलाफ जीत दर्ज की है। उन्होंने जीत के लिए मतदाताओं का आभार जताया।

उधर सिंहभूम संसदीय क्षेत्र से झामुमो की जोबा मांझी ने भाजपा की गीता कोड़ा को पराजित किया। राजमहल से झामुमो के विजय हांसदा ने अपने निकटतम प्रतिद्वंदी भाजपा के ताला मरांडी से जीत हासिल की। जीत के बाद श्री हांसदा ने कहा कि यह लोकतंत्र की जीत है।

इसी प्रकार लोहरदगा में कांग्रेस के सुखदेव भगत ने भाजपा के समीर उरांव को पराजित किया। श्री भगत ने जीत पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि जनता ने सुखद परिणाम दिया है।

इधर दुमका सीट से झामुमो के नलिन सोरेन इस समय अपने निकटतम प्रतिद्वन्दी भाजपा की सीता सोरेन से 23 हजार से अधिक वोट से आगे चल रहे हैं। गोड्डा में भाजपा के निशिकांत दूबे को एक लाख से अधिक वोट की बढ़त प्राप्त हो गयी है।

श्री दूबे को अब तक लगभग छह लाख 70 हजार वोट मिल चुके हैं, उनके प्रतिद्वन्दी कांग्रेस के प्रदीप यादव को पांच लाख 64 हजार वोट मिले हैं। उधर धनबाद में कांग्रेस की अनुपमा सिंह पर भाजपा के ढुल्लू महतो ने तीन लाख तीस हजार से ज्यादा मतों से जीत हासिल कर ली है। चतरा में भाजपा के कालीचरण सिंह ने कांग्रेस के केएन त्रिपाठी पर एक लाख 58 हजार से ज्यादा मतों की लीड ले रखी है। इधर जमशेदपुर में भी भाजपा के विद्युत वरण महतो ने दो लाख 63 हजार से ज्यादा मतों से झामुमो के समीर मोहंती पर निर्णायक बढ़त बना रखी है।

****

उधर गांडेय विधानसभा उपचुनाव में झारखंड मुक्ति मोर्चा की कल्पना सोरेन ने अपने निकटतम प्रतिद्वन्दी भाजपा के दिलीप कुमार वर्मा को 26 हजार से अधिक मतों से पराजित कर दिया है। हालांकि इसकी औपचारिक घोषणा होना बाकी है।

****

राज्य में 14 लोकसभा सीटों के लिए हो रही मतों की गिनती के ताजा रूझान में एनडीए को 9 और इंडी गठबंधन को 5 सीटों पर निर्णायक बढ़त बनती दिख रही है। वहीं गांडेय उपचुनाव में झामुमो की कल्पना सोरेन ने जीत हासिल की है। जीत के बाद कैसा है इलाके माहौल इसकी जानकारी के लिए हम सीधे चलते हैं अपने संवाददाताओं के पास।

****

गिरिडीह संसदीय क्षेत्र के लिए बोकारो में बनाये गये मतगणना केन्द्र के बाहर आजसू पार्टी और निर्दलीय प्रत्याशी जयराम महतो के समर्थकों के बीच झड़प की सूचना प्राप्त हुई है। उग्र कार्यकर्ताओं को नियंत्रित करने के लिए पुलिस को लाठी चार्ज करनी पड़ी। पुलिस ने वाटर कैनन और आंसू गैस के गोले भी छोड़े। बोकारो के पुलिस अधीक्षक पूज्य प्रकाश ने खुद मौके पर पहुंचकर स्थिति को नियंत्रित करने का प्रयास किया। इस झड़प में एक दर्जन से अधिक आजसू पार्टी कार्यकर्ताओं के घायल होने की सूचना है।

****

गढ़वा जिले में न्यायालय आपके द्वार कार्यक्रम के तहत चलंत लोक अदालत की शुरूआत की गयी।

****

झारखंड में आज चौदह लोकसभा सीटों के चुनाव परिणाम को लेकर आकाशवाणी रांची के प्रादेशिक समाचार एकांश द्वारा जीवंत परिचर्चा का आयोजन किया जाएगा, जिसका प्रसारण रात आठ बजे से साढ़े आठ बजे तक होगा।

*******समाप्त*******